दिनांक 27 मई 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# अपने निजी व्यावसायिक उपयोग के लिए सार्वजनिक नल पर कब्जा कर दुरुपयोग करने वाले दुकान संचालक पर की गई कार्यवाही

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गौरव पथ रोड से नंदनी रोड जाने वाले रास्ते पर वाहन सर्विसिंग सेंटर के संचालक यशवंत साहू द्वारा सार्वजनिक नल पर एक तरफा कब्जा करते हुए स्वयं का मोटर लगाकर पेयजल के पानी से वाहन की धुलाई करते पाए जाने पर हैप्पी इंटरप्राइजेज के संचालक यशवंत पर आज निगम की टीम ने कार्यवाही की ! मोहल्ले वासियों की जागरूकता से हुई कार्यवाही विगत कई वर्षों से इस संचालक के द्वारा वाहनों की धुलाई निगम के सार्वजनिक नल के पानी से की जा रही थी , मोहल्ले वासियों ने इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से की जिस पर दुकान संचालक पर कार्यवाही की गई! आसपास के निवासी जब सार्वजनिक नल पर पानी भरने के लिए पहुंचे तब दुकान के संचालक ने यह कर कर उन्हें चलता कर दिया कि पहले वाहनों की धुलाई हो जाए उसके बाद पानी भरने का कार्य कर लेना , इस पर आसपास के निवासियों ने निगम में शिकायत की! वॉश मशीन, पाइप एवं मोटर जप्त जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि के निर्देश पर जोन क्रमांक दो के कर्मचारी अनिल मिश्रा, अनिल शुक्ला एवं अंजनी सिंह सहित निगम के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सार्वजनिक नल का दुरुपयोग करते पाए जाने पर वाश मशीन, मोटर पंप एवं पाइप को जप्त किया तथा पंचनामा तैयार कर दुकान संचालक को हिदायत दी गई! सार्वजनिक नल से ही वाहनों की करता था धुलाई जोन क्रमांक 2 के अधिकारियों ने बताया कि सर्विसिंग सेंटर का संचालक मोटर पंप से पाइप लगाकर सार्वजनिक नल के पानी का दोहन करता था , जिससे आसपास वाले लोगों को भी पानी मिलने में समस्या होती थी , 1 दिन में सर्विसिंग सेंटर के द्वारा 50 से 60 वाहनों की धुलाई की जाती थी! मुख्य पाइप लाइन से है इस सार्वजनिक नल की कनेक्टिविटी जोन आयुक्त ने बताया कि नंदनी रोड , हाउसिंग बोर्ड मे फिल्टर प्लांट के मुख्य पाइप लाइन से इस सार्वजनिक नल की कनेक्टिविटी है जिससे जुड़े होने के कारण दिन भर पानी यहां से प्राप्त होता है , जिसका फायदा दुकान संचालक के द्वारा उठाया जा रहा था! बल्कि इस दुकान संचालक के द्वारा किसी भी प्रकार का नल कनेक्शन नहीं लिया गया है!